Australian Government

AusAlert™

# AusAlert™ घरेलू हिंसा से बचकर निकले लोगों के लिए सुरक्षा संदर्शिका



AusAlert ऑस्ट्रेलिया की नई राष्ट्रीय चेतावनी प्रणाली है। यह बुशफायर, खतरनाक मौसम और जनस्वास्थ्य आपातस्थिति जैसी आपदाओं के दौरान कंपैटिबल मोबाइल डिवाइसेज़ पर आपात संदेश भेजने के लिए नवीनतम तकनीक का उपयोग करता है।

**AusAlert संदेश महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हैं, लेकिन वे छिपे हुए सुरक्षा डिवाइसेज़ को ढूंढना आसान बना सकते हैं।**



## AusAlert किसके लिए है?

AusAlert स्थानीय और राष्ट्रीय आपातस्थितियों के दौरान समुदायों को सूचित और बेहतर तरीके से तैयार बनने में सहायता देने का एक तेज और विश्वसनीय तरीका है। यह ऑस्ट्रेलिया सरकार और राज्य व राज्य-क्षेत्र के आपातकालीन सेवा संगठनों को राष्ट्रीय या स्थानीय चेतावनियाँ भेजने की क्षमता देता है। हमारे द्वारा आपदा के समय ऑस्ट्रेलियावासियों को सुरक्षित रखने में मदद देने के कई तरीकों में से यह मात्र एक तरीका है।

## AusAlert कैसा सुनाई देता है?

अगर आपके फोन्स, टैबलेट्स या स्मार्ट वॉचेस ऑन हैं, तो AusAlert से:

- ये वाइब्रेट कर सकते हैं
- 10 सेकंड के लिए तेज सायरन जैसी आवाज पैदा हो सकती है
- स्क्रीन खुद से ऑन हो सकती है।

**ऐसा तब भी हो सकता है, जब वॉल्यूम कम हो या आपके डिवाइस साइलेंट या डू नॉट डिस्टर्ब पर हों।**

## AusAlert के साथ सुरक्षित कैसे रहें

AusAlerts को आपातस्थिति के दौरान लोगों का ध्यान जल्दी से आकर्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, ताकि उन्हें सुरक्षित रहने में मदद मिल सके। **कुछ AusAlerts को ऑफ नहीं किया जा सकता है।** सुरक्षा डिवाइसेज़ का उपयोग करने वाले लोगों को AusAlert मिलने से चिंता पैदा हो सकती है, क्योंकि इससे उन उपकरणों को ढूंढना आसान हो सकता है, खासकर यदि उनका उद्देश्य उन्हें छिपाकर रखा जाना है।

### आपको क्या करना चाहिए

अगर आपको लगता है कि AusAlert प्राप्त करना आपके या किसी ऐसे व्यक्ति के लिए सुरक्षित नहीं हो सकता है जिसकी आप परवाह करते/ती हैं, तो:

- अपने सुरक्षा डिवाइसेज़ को ऑफ या
- एरोप्लेन मोड में रखें (यदि हो तो), सिवाय
- जब आपको उनका उपयोग करने की आवश्यकता हो।

**याद रखें - यदि आपका डिवाइस एरोप्लेन मोड में है, तो भी आप वाई-फाई का उपयोग कर सकते/ती हैं। यदि इसमें एरोप्लेन मोड नहीं है, तो इसके बजाय उसे ऑफ कर दें।**



## मैं अपने डिवाइस को ऑफ कैसे कर सकता/ती हूँ?

**Apple (iOS डिवाइसेज़, जैसे iPhones और Apple Watches)**

**अगर आपका डिवाइस Face ID का इस्तेमाल करता है, तो:**

- दाईं ओर के बटन और वॉल्यूम बटन को एक-साथ तबतक दबाकर रखें, जबतक कि 'sliders' ('स्लाइडर्स') न दिखाई दें
- 'slide to power off' ('स्लाइड टु पावर ऑफ') स्लाइडर को बाईं से दाईं ओर ड्रैग करें।

**अगर आपके डिवाइस में Home (होम) बटन है, तो:**

- दाईं ओर के बटन को तबतक दबाकर रखें, जबतक कि 'slider' ('स्लाइडर') दिखाई न दे
- 'slide to power off' ('स्लाइड टु पावर ऑफ') स्लाइडर को बाईं से दाईं ओर ड्रैग करें।

किसी भी डिवाइस को वापस ऑन करने के लिए दाईं ओर के बटन को तबतक दबाकर रखें, जबतक कि Apple का लोगो दिखाई न दे।

कृपया ध्यान दें: Apple iPads पर AusAlerts प्राप्त **नहीं** होते हैं।


**Android (फोन्स, और कुछ टैबलेट्स और स्मार्ट वॉचेस जैसे डिवाइसेज़)**

Android डिवाइसेज़ के लिए:

- अपने डिवाइस के बाईं या दाईं ओर पावर बटन को तबतक दबाकर रखें, जबतक कि पावर मेनू दिखाई न दे
- 'Power Off' ('पावर ऑफ') बटन दबाएं।

डिवाइस को वापस ऑन करने के लिए पावर बटन को तबतक दबाकर रखें, जबतक कि आपके डिवाइस निर्माता का लोगो दिखाई न दे।

**अपनी देखभाल के तहत बच्चों द्वारा उपयोग किए जाने वाले किसी भी सुरक्षा डिवाइस को ऑफ करना भी याद रखें।**



## मैं अपने डिवाइस को एरोप्लेन मोड में कैसे स्विच कर सकता/ती हूँ?

**Apple (iOS डिवाइसेज़, जैसे iPhones और Apple Watches)**

एरोप्लेन मोड को ऑन करने के लिए:

- 'Settings' ('सेटिंग्स') पर जाएं
- 'Aeroplane Mode' ('एरोप्लेन मोड') टॉगल को ऑन करें
- स्क्रीन के ऊपरी क्षेत्र में एरोप्लेन का आइकन दिखाई देना चाहिए।

एरोप्लेन मोड को फिर से ऑफ करने के लिए:

- 'Settings' ('सेटिंग्स') पर जाएं
- 'Aeroplane Mode' ('एरोप्लेन मोड') टॉगल को ऑफ करें
- स्क्रीन के ऊपरी क्षेत्र में एरोप्लेन का आइकन दिखाई नहीं देना चाहिए।

कृपया ध्यान दें: Apple iPads पर AusAlerts प्राप्त **नहीं** होते हैं।

**Android (फोन्स, और कुछ टैबलेट्स और स्मार्ट वॉचेस जैसे डिवाइसेज़)**

एरोप्लेन मोड को ऑन करने के लिए:

- 'Settings' ('सेटिंग्स') पर जाएं
- 'Network & internet' ('नेटवर्क और इंटरनेट') पर टैप करें
- 'Aeroplane Mode' ('एरोप्लेन मोड') टॉगल को ऑन करें
- स्क्रीन के ऊपरी क्षेत्र में एरोप्लेन का आइकन दिखाई देना चाहिए।

एरोप्लेन मोड को फिर से ऑफ करने के लिए:

- 'Settings' ('सेटिंग्स') पर जाएं
- 'Network & internet' ('नेटवर्क और इंटरनेट') पर टैप करें
- 'Aeroplane Mode' ('एरोप्लेन मोड') टॉगल को ऑफ करें
- स्क्रीन के ऊपरी क्षेत्र में एरोप्लेन का आइकन दिखाई नहीं देना चाहिए।

## AusAlert कैसा दिखाई देता है?

आपके डिवाइस के प्रकार और ऑपरेटिंग सिस्टम के आधार पर AusAlert मैसेज कुछ इस तरह दिखाई देगा:




स्क्रीन पर दिखाए गए AusAlert मैसेज केवल उदाहरण मात्र हैं और वास्तविक AusAlerts नहीं हैं।

## आप AusAlert पर भरोसा कर सकते/ती हैं

AusAlert को ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा विकसित किया गया है और यह सुरक्षित व संरक्षित है। केवल अधिकृत आपातकालीन सेवा संगठन और ऑस्ट्रेलिया सरकार ही AusAlerts भेज सकते हैं।

AusAlert:

- के लिए आपको साइन अप करने की आवश्यकता नहीं है
- में व्यक्तिगत या आर्थिक विवरण नहीं पूछे जाएँगे
- में आपकी व्यक्तिगत जानकारी या फोन नंबर को माँगा या स्टोर नहीं किया जाएगा
- में आपकी लोकेशन को ट्रैक या आपकी लोकेशन हिस्ट्री को शेयर नहीं किया जाएगा, भले ही आपका डिवाइस किसी शेयर्ड आईडी से जुड़ा हो।

## यदि मुझे अपने सुरक्षा डिवाइस पर AusAlert प्राप्त होता है, तो क्या होगा?

यदि आपका सुरक्षा डिवाइस ऑन है और आपको AusAlert प्राप्त होता है, **तो लगभग 10 सेकंड के लिए तेज सायरन जैसी आवाज होगी** और फिर रुक जाएगी। यह केवल एक ही बार होना चाहिए, लेकिन यदि आपातकाल के बारे में कोई नई जानकारी साझा की जाती है, तो आपको एक और एलर्ट प्राप्त हो सकता है।

शांत बने रहने की कोशिश करें। **यदि आप सुरक्षित नहीं हैं, तो तुरंत 000 पर कॉल करें** और अपनी सुरक्षा योजना का पालन करें।

यदि सुरक्षित हो, तो AusAlert मैसेज पढ़ें और खुद को व दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए निर्देशों का पालन करें।

## सूचित बने रहें

AusAlert आपदा में सुरक्षित रहने का मात्र एक ही तरीका है। आप स्थानीय या राष्ट्रीय टीवी या रेडियो भी ऑन कर सकते/ती हैं, इमरजेंसी सर्विसेज़ ऐप्स देख सकते/ती हैं, तथा और अधिक जानकारी के लिए ऑनलाइन सर्च कर सकते/ती हैं, या परिवार, दोस्तों या पड़ोसियों से संपर्क कर सकते/ती हैं।

### सहायता और सलाह

**यदि आप अपनी तत्काल सुरक्षा के बारे में चिंतित हैं, तो 000 पर कॉल करें।**

सलाह या समर्थन के लिए:

- अपनी सुरक्षा के बारे में, 1800 737 732 पर 1800RESPECT को कॉल करें
- अपने स्थानीय क्षेत्र में, ANROWS की वेबसाइट **anrows.org.au/support-directory** पर जाएँ
- यदि आप एक एबोरिजनल या टोरेस स्ट्रेट द्वीपवासी हैं, तो 13 92 76 पर 13YARN को कॉल करें।

DFV-Live

और अधिक जानकारी के लिए **ausalert.gov.au** पर जाएँ।